Need to build Ganga River Front at Kanpur for the development of the district

श्री रमेश अवस्थी (कानपुर) **:** सभापति महोदया, आज आपने मुझे कानपुर की एक विशेष समस्या पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

माननीय सभापति महोदया, कानपुर शहर गंगा नदी के किनारे बसा हुआ एक बहुत बड़ा औद्योगिक शहर है। गंगा नदी कटावग्रस्त होने के कारण कानपुर के तट से दूर होती जा रही है। यहां गंगा रिवर फ्रंट बनना आवश्यक है, जिससे कानपुर का विकास हो सके। वर्तमान में कई औद्योगिक इकाइयों के डम्प गंगा नदी में प्रवाहित हो रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण पर खतरा भी बढ़ गया है। गंगा रिवर फ्रंट बनने के बाद विकास के मानकों के अनुरूप ट्रीटमेंट के उपरान्त इसका डिस्पोजल भी किया जा सकेगा।

माननीय सभापति महोदया, कानपुर के आम जनमानस के लिए मनोरंजन, सामाजिक जल क्रीड़ा, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास के लिए गंगा रिवर फ्रंट का बनना आवश्यक है। इसके बनने के बाद कानपुर एक बहुत बड़ा पिकनिक स्पॉट बन सकेगा।

महोदया, अत: आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि अटल घाट से लेकर सिद्धनाथ घाट, जाजमऊ गंगा रिवर फ्रंट बनाने का कष्ट करें।

बहुत-बहुत धन्यवाद।